भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3175
गुरूवार, 19 मार्च, 2026/28 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन का विकास

3175 श्री आई. एस. इनबादुरई:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान तमिलनाडु में पर्यटन विकास परियोजनाओं के लिए आवंटित और जारी की गई निधियों का योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्य में पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं को स्वदेश दर्शन और प्रसाद जैसी केंद्रीय योजनाओं के तहत मंज़ूरी दी गई है और यदि हाँ, तो परियोजना-वार स्थिति क्या है और कितना व्यय हुआ है; और

(ग) क्या राज्य में तटीय, विरासत और पर्यावरणीय पर्यटन के विकास के लिए कोई विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, और यदि हाँ, तो इसमें शामिल स्थानों और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे - 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से देश में पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए तटीय, विरासत और इको-पर्यटन विकास सहित पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

भारत सरकार देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों के व्यापक विकास के प्राथमिक उद्देश्य से 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा तैयार किए जाते हैं। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार जांच की

जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

तमिलनाडु राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री आई. एस. इनबादुरई द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3175 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

तमिलनाडु राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई और प्रशाद नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम एवं स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**उपयोग की गई राशि**	**स्थिति**
क	**स्वदेश दर्शन 1.0**				
i.	चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी का विकास (दिसम्बर 2015)	73.13	71.03	71.03	पूर्ण
ख	**स्वदेश दर्शन 2.0**				
i.	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस (मार्च 2024)	30.02	0	0	स्वीकृत (राज्य सरकार द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है)
ग	**चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)**				
i.	आध्यात्मिक के तहत रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन (मार्च 2025)	20.01	2	0	कार्यान्वयन के चरण में
घ	**तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)**				
i.	कांचीपुरम का विकास (अगस्त 2020)	13.99	13.99	13.99	पूर्ण
ii.	वेलंकन्नी का विकास (मई 2020)	4.86	4.86	4.86	पूर्ण
iii.	8 नवग्रह मंदिरों का विकास (मार्च 2025)	40.94	0	0	कार्यान्वयन के चरण में
ङ	**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)**				
i.	नंदवनम विरासत पार्क (नवम्बर 2024)	99.67	65.78	0	कार्यान्वयन के चरण में
ii.	ऊटी में रेस कोर्स में इको पार्क (नवम्बर 2024)	70.23	46.35	0	कार्यान्वयन के चरण में

*****